
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

वर्ष 13 | अंक 21 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु. इंदौर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 (विशेषांक) RNI-NO.MPHIN/2015/64585




## सख्त संदेश

### ड्रग्स माफिया पर डॉ. मोहन यादव बोले

**कोई कितना भी प्रभावशाली या जुड़ा हुआ हो, बख्शा नहीं जाएगा**

रणजीत टाइम्स



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय वृहद नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में ड्रग्स माफिया के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का स्पष्ट संकेत दिया। इस मौके पर उन्होंने 2023-24 के विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार भी वितरित किए और युवाओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने हाल ही में सुर्खियों में रहे 'मछली परिवार' ड्रग्स कांड पर बिना नाम लिए निशाना साधा। उन्होंने दो टूक कहा कि चाहे कोई कितना भी प्रभावशाली हो, बड़ा कारोबारी हो या किसी से भी जुड़ा हो, ड्रग्स के खेल में शामिल किसी भी मास्टरमाइंड को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार इसी तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रखेगी।

सीएम ने भोपाल पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन मछली' के तहत 100 करोड़ के अवैध साम्राज्य को ध्वस्त करना एक बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान पुलिस हर मोर्चे पर डटी रही और ड्रग्स माफिया को उनकी जड़ से हिलाकर रख दिया। डॉ. यादव ने नशे के बढ़ते खतरों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आजकल लोग नशे के लिए नए-नए तरीके खोज रहे हैं, जो बेहद खतरनाक है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ लोग सिगरेट के साथ कागज जलाकर पीते हैं, तो कुछ पंचर बनाने वाले सॉल्यूशन का इस्तेमाल करते हैं। यह प्रवृत्ति समाज और युवाओं के भविष्य के लिए बेहद घातक है।

# नगर मंडल भाजपा व ग्रामीण मंडल भाजपा के संयुक्त तत्वावधान में विशाल तिरंगा यात्रा नानूखेड़ा से हाटपिपल्या तक निकली

**रणजीत टाइम्स**



हाटपिपल्या। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर नगर मंडल भाजपा व ग्रामीण मंडल भाजपा द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा नानूखेड़ा से हाटपिपल्या तक निकाली गई यात्रा मे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी अपनी मोटरसाइकिल पर तिरंगा झंडा बांधकर यात्रा निकाली गई यात्रा में मुख्य रूप से भारत माता की जय के नारों से यात्रा गुंजती रही यात्रा का समापन नगर के भगत सिंह चौराहा पर भगत सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया समापन अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सैधव टिकेंद्र प्रताप सिंह दिनेश पांचाल समेत अतिथियों ने सम्बोधित किया स्वागत भाषण नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैधव ने दिया आभार मंडल अध्यक्ष संतोष पाटीदार ने माना संचालन यात्रा प्रभारी अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण राठौर ने किया। इस अवसर पर महेश पाटीदार विजय सिंह शक्तावत बापूलाल धौसरिया कृपाल सिंह सैधव केशर सिंह देवगढ़ महेंद्र यादव भुजराम जाट निर्भय सिंह तलाया दुलीचंद कुंभकार देवकरण पाटीदार प्रवीण सक्सेना रमेश संदूकलिया शेरसिंह देवगढ़ मनीष सोलंकी आत्माराम चौहान राजेंद्र सिंह राणा विनोद जोशी राहुल तंवर राजकिशोर जायसवाल मंदन बुंदेला संदीप मालवीय चेतन सैधव सरपंच दिनेश पाटीदार कप्तान अर्जुन सैधव सरपंच शुभम तंवर गौरव मेश्रा राजू पठान राजेंद्र सिंह सैधव धीरज सिंह सैधव सुरेन्द्र सिंह सैधव गजराज सिंह बामनी राजेंद्र चावड़ा श्री राम पाटीदार अभिमन्यु सैधव प्रदीप सैधव रविन्द्र सैधव लखन मेकालिया अर्जुन सैधव नितिन तंवर नितिन कुम्भकार जुगल रलोती समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। तिरंगा यात्रा का हर जगह भव्य स्वागत हुआ जोशी चौराहा पर संजय प्रेम जोशी (अध्यक्ष जन परिषद हाटपीपल्या चैप्टर ) ने भी स्वागत किया।

# योगेश्वर श्रीकृष्ण कैसे धनवंतरी स्वरूप में रोगों से रक्षा करते हैं जानें सहजयोग से



**रणजीत टाइम्स**

श्रीकृष्ण को "योगेश्वर" और धनवंतरी को "भगवान" के रूप में जाना जाता है, लेकिन दोनों का महत्व अलग-अलग है। श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है क्योंकि उन्होंने योग के मार्ग को दिखाया और श्रीमद्भगवद्गीता में अर्जुन को योग का ज्ञान दिया जो संपूर्ण विश्व के लिए वरदान है। श्रीकृष्ण को योग का ज्ञाता माना जाता है, खासकर कर्म योग, ज्ञान योग और भक्ति योग में। सहज योग ज्ञान योग है। ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग सहज योग माध्यम से आसानी से प्राप्त होता है। हमारे विशुद्धि चक्र पर योगेश्वर श्री कृष्ण का स्थान है। इस चक्र पर ध्यान से मानव में निर्दोष भाव आता है फलस्वरूप वह पूर्ण साक्षी अवस्था को प्राप्त करता है। साक्षी वह अवस्था है जिसे प्राप्त करते ही मनुष्य प्रतिक्रिया नहीं करता है। महाभारत के युद्ध में अर्जुन परिजनों को अपने समीप देखकर शस्त्र उठाने से इंकार करते हैं जिससे श्री कृष्ण ने अर्जुन को उनके कर्तव्य, धर्म, कर्म, ज्ञान, योग, और जीवन-मृत्यु के चक्र के बारे में समझाया और साक्षी अवस्था में अर्जुन ने युद्ध किया। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म योग का ज्ञान दिया, जिसमें कर्मों के फल की इच्छा किए बिना अपने कर्तव्यों का पालन करना शामिल है। सहज योग साधक को साक्षी भाव के साथ कर्मयोग के लिए दिशा देता है। नियमित ध्यान से अपनी इच्छाओं पर विजय पाता है और अपने आपको परमात्मा के इच्छाओं के अनुरूप ढालने में समर्थ होता है।

ऐसे ही भगवान धन्वंतरि, हिंदू धर्म में, देवताओं के चिकित्सक और आयुर्वेद के देवता माने जाते हैं। उन्हें भगवान विष्णु यानि श्री कृष्ण का ही अवतार माना जाता है। जब वे समुद्र मंथन के दौरान प्रकट हुए तब उनके हाथों में अमृत का कलश था। धनवंतरी स्वरूप में श्री कृष्ण चिकित्सकों के भी चिकित्सक हैं। श्री कृष्ण विशुद्धि चक्र जो गले में स्थित है के स्वामी हैं। गला यानि गर्दन हमारे पूरे सिर को सम्भालता है यानि पूरा मस्तिष्क ही श्री कृष्ण का क्षेत्र है। सहज योग ज्ञान से साधक को अपनी हथेली पर अपने या अन्य किसी चक्रों की स्थिति का आभास होता है, जिससे अपने या अन्य के शारीरिक व्याधि का पता चलता है। यह ज्ञान उसे मस्तिष्क से ही मिलता है। श्री माताजी के असीम कृपा से जब कुंडलिनी शक्ति जागृत होती है तब हाथों से प्रवाहित होने वाली चैतन्य लहरियाँ मस्तिष्क से यह संदेश हमारे हथेली पर प्रवाहित करती हैं। यह एक कम्प्यूटर सम कार्य करता है और साधक यह जान लेता है उसे स्वयं या अन्य किसी को क्या कष्ट है। यहाँ विराट के मस्तिष्क में श्री कृष्ण का सिद्धांत कार्य करता है। इस प्रकार श्री कृष्ण धनवंतरी के रुप में चैतन्य लहरियों के माध्यम से रोग निवारण में हमारी सहायता करते हैं। योगेश्वर श्री कृष्ण आकाश के देवता हैं। उनके जन्म के समय उनकी बहन ने आकाशीय विद्युत से उद्घोषित किया था कि कंस को मारने वाले भगवान अवतरित हो चुके हैं। इसी प्रकार अपनी माता यशोदा को भी उन्होंने अपने मुंह में पूरा ब्रम्हांड दिखा दिया था। श्री कृष्ण की 16000 पत्नियाँ दरअसल उनके सोलह गुण हैं। विशुद्धि चक्र की भी 16 पंखुडियाँ है। जो श्री कृष्ण के 16 गुण है। विशुद्धि चक्र पर ध्यान कर साधक इन गुणों को अपने अंदर स्थापित करने में सक्षम हो जाता है। श्री कृष्ण के गुणों को आत्मसात करने व आत्म साक्षात्कार प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

## देशभक्ति के रंग में रंगा मध्यप्रदेशः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने फहराया तिरंगा, पूरे प्रदेश से हर घर तिरंगा अभियान में जुड़ने की अपील

**रणजीत टाइम्स**

भोपाल। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे देश में देशभक्ति का माहौल चरम पर है और इसी कड़ी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अपने सरकारी निवास पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर 'हर घर तिरंगा' अभियान की गरिमा को और बढ़ा दिया। उन्होंने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर इस अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया और लोगों से भी आग्रह किया कि वे अपने घरों पर गर्व और सम्मान के साथ तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रव्यापी पहल का हिस्सा बनें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुआ 'हर घर तिरंगा' अभियान अब हर भारतीय के दिल की धड़कन बन चुका है और यह केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों के आत्मसम्मान और एकता का प्रतीक बन गया है। उन्होंने बताया कि इस पहल ने पूरे देश में देशभक्ति की लहर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और हर गली, हर मोहल्ला, हर गांव और हर शहर में तिरंगे का मान बढ़ रहा है।

## वोट चोरी के आरोपों पर सियासी संग्राम तेजः बैतूल में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का पलटवार, राहुल-सोनिया-प्रियंका पर साधा निशाना

**रणजीत टाइम्स**

बैतूल। मध्य प्रदेश की सियासत में इन दिनों वोट चोरी के आरोपों को लेकर गरमा-गरमी तेज है और इस विवाद के बीच बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बैतूल दौरे के दौरान कांग्रेस और गांधी परिवार पर जमकर निशाना साधा। मीडिया से चर्चा करते हुए खंडेलवाल ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के फैसले का सम्मान करना हर दल और नेता की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न्यायालय और चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्थाएं हैं, इन पर हमला करना देश के संविधान और प्रजातंत्र पर हमला करने जैसा है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस नेताओं के बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए कि उनके नेता राहुल गांधी किस मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जो भी कर रहे हैं, वह देश का नहीं बल्कि उनके परिवार का मामला है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर राहुल गांधी इस तरह के आरोप क्यों लगा रहे हैं, जो न सिर्फ देश के लिए बल्कि कांग्रेस पार्टी के लिए भी चिंता का विषय है। खंडेलवाल ने कहा कि देश के लाखों-करोड़ों लोगों ने जिस भी पार्टी को वोट दिया हो, चाहे वह बीजेपी हो, कांग्रेस हो या कोई और दल, उसका सम्मान करना ही लोकतंत्र की असली ताकत है।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर, शुक्रवार 15 अगस्त 2025 (विशेषांक)



# प्लॉट धारकों को फिर उलझाने की तैयारी

**जिस संस्था के लेटर हेड पर आईडीए में लगी है आपत्ति, वह अस्तित्व में है ही नहीं**

**रणजीत टाइम्स**

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा योजना क्रमांक 171 को लेकर बोर्ड बैठक में जो फैसला लिया गया है, उससे पुष्प विहार सहित कई कॉलोनियों को प्लॉट मिलने का इंतजार खत्म होने वाला है। आईडीए ने इसमें गृह निर्माण संस्थाओं की जमीनों को मुक्त रखने का फैसला लिया है, जिस पर पुष्प विहार कॉलोनी प्लॉट धारक समूह ने आपत्ति जताई है। विडंबना यह कि इस तरह की कोई संस्था अब अस्तित्व में है ही नहीं। आईडीए में जिस पुष्प विहार कॉलोनी प्लॉट धारक समूह के लेटर हेड पर आपत्ति जताई है, उसमें मुख्य संरक्षक पीसी दीक्षित का नाम है, जिनका निधन हो चुका है। इसके लेटर हेड पर एमके चतुर्वेदी को संस्था का अध्यक्ष बताया गया है, जो करीब दो वर्ष पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। अब सवाल यह है कि पुष्प विहार कॉलोनी के प्लॉटधारकों के नाम पर आखिर कौन अपना हित साधना चाहता है। चतुर्वेदी के इस्तीफे के बाद महासचिव रहे एनके मिश्रा के अलावा फिलहाल कोई सक्रिय नजर नहीं आ रहा।**



## आखिर किसके हित में लगाई है आपत्ति

अस्तित्वहीन पुष्प विहार कॉलोनी प्लॉटधारक समूह के लेटर हेड पर प्राधिकरण अध्यक्ष और संभागायुक्त दीपक सिंह को दो पेज का पत्र सौंपा गया है। इसमें बोर्ड मीटिंग में लिए फैसले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया है। इस समूह के कथित महासचिव एनके मिश्रा का दो टूक कहना है कि योजना 171 के लिए प्राधिकरण ने देय प्रतिफल की पूरी राशि संशोधित विधान की धारा 50 (ख) के तहत जमा करवा ली है, तो योजना ही स्वतः समाप्त हो गई और प्रदेश शासन के गजट नोटिफिकेशन में भी नियम 23 के तहत इसका स्पष्ट उल्लेख किया गया है। बावजूद इसके योजना को लटकाने के उद्देश्य से मोडिफिकेशन करने का विधि विरुद्ध और अव्यावहारिक निर्णय किया गया। इसकी मंजूरी शासन भी नहीं देगा, क्योंकि धारा 52 के तहत उन्हीं योजनाओं में मोडिफिकेशन के निर्देश देने की व्यवस्था है, जो वर्तमान में चल रही है।

## पहले भी विवादों में रहे हैं मिश्रा

बताया जाता है कि अस्तित्वहीन संस्था के कथित महासचिव एनके मिश्रा पर पहले भी आरोप लगते रहे हैं। कहा जाता है कि भूमाफियाओं और सहकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने के कारण ही उनकी पूर्व संस्था में ही विरोध होता रहा है। अभी जो आपत्ति आईडीए में उन्होंने लगाई है, उसको लेकर भी प्लॉट धारक भ्रमित हैं। प्लॉट धारकों की चिन्ता यह है कि अगर फिर से कहीं मामला उलझ गया तो वे कहीं के नहीं रहेंगे। असली प्लॉटधारक यह सोच रहे हैं कि आखिर मिश्राजी ने किसके हित में यह आपत्ति लगाई है।

## आईडीए ने कोई गलत निर्णय नहीं लिया

सूत्र बताते हैं कि आईडीए ने नियमानुसार कोई गलत निर्णय नही लिया है। मध्यप्रदेश राजपत्र, दिनांक 17 फरवरी 2020 के अनुसार जहां अधोसंरचना विकास कार्य प्रारम्भ किया गया था और अधिनियम में संशोधन की तारीख को गणना करने पर 10 प्रतिशत तक व्यय उपगत किया गया है और भूमि स्वामी द्वारा स्कीम पर उपगत किए गए व्यय का विकास प्राधिकरण को प्रतिपूर्ति कर दी गई है तो जैसा कि विहित किया जाए योजना व्यपगत हो जाएगी। लेकिन, छह महीने से अनधिक समय में, विकास प्राधिकरण नवीन विकास योजना तैयार कर सकता है, जैसा कि विहित किया जाए। ऐसे समय तक संचालक, योजना क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को प्रतिषिध करेंगे, जिससे कि स्कीम की व्यवहार्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान इंटरनेशनल चेयरमैन सुनील सिंघी अहमदाबाद के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश की युवक महासंघ की 100 से अधिक इकाइयों में एक साथ तिरंगा यात्रा झंडावंदन वोकल फोर लोकल शपथ कार्यक्रम आयोजन

इंदौर । अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर युवक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष अनिल दसेड़ा जावरा,प्रदेश महामंत्री विजय बोहरा खंडवा, प्रदेश मीडिया प्रभारी जीवन लाल जैन नागदा ने एक सयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया की देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने 79 वे स्वतंत्रता दिवस को देश की सेना व सैनिकों के अदम्य साहस शौर्य पराक्रम को सेल्यूट करने राष्ट्रीय ध्वज की आन बान और शान के लिए घर घर तिरंगा अभियान एवं पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकलने का आव्हान करते हुए स्वदेशी अपनाओ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार के लिए गांव गांव शहर शहर वोकल फोर लोकल शपथ कार्यक्रम आयोजित करने के आव्हान किया।

अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर युवक महासंघ मध्यप्रदेश इकाई ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान को आगे बढ़ाते हुवे अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर युवक महासंघ के इंटरनेशल चेयरमैन राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड चेयरमैन भारत सरकार सुनील सिंघी अहमदाबाद के मार्गदर्शन मे मध्यप्रदेश की लगभग 100 से अधिक इकाइयों में 15 अगस्त तिरंगा यात्रा झंडावंदन राष्ट्रगान के बाद वोकल फोर लोकल शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा युवक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद बरबोटा उज्जैन, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील गांग इंदौर,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निलेश सकलेचा इंदौर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अजेश कोठारी उज्जैन, राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र बाफना उज्जैन, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय जैन भैया उज्जैन, प्रदेश संरक्षक पारसमल सिंघवी आष्टा, प्रदेश परामर्शदाता संतोष मेहता नागदा , मुकेश जैन नाकोड़ा झाबुआ, राहुल कटारिया उज्जैन,अनिल देसरला आलोट, रजत मेहता नगर निगम चेयरमैन उज्जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश गांधी उज्जैन, सुनील पटवा इंदौर ,रितेश ख़ाबिया उज्जैन, भरत चौधरी देवास, राकेश वनवट उज्जैन, विजय मेहता दलौदा दिनेश डूंगरवाल रिंगनोद, हार्दिक मेहता रतलाम, नवनीश बोथरा खण्डवा, प्रदेश मंत्री मेहुल जयराज बुरहानपुर, निलेश सुराणा बड़ावदा , उत्सव जैन सीतामऊ राहुल रांका आलोट, गोलू सुराणा उज्जैन, प्रदेश सहमंत्री रुचिल डोसी इंदौर ,समीर मारू इंदौर, रोशन गांग खुजनेर, कोषाध्यक्ष विनोद मेहता जावरा, सह कोषाध्यक्ष मनीष गांधी आगर, संगठन मंत्री इंद्रेश चंडालिया सैलाना,आशीष चतर राजगढ़, मनीष बाफना मंदसौर, सह संगठन मंत्री महिपाल जैन खेतिया ,महावीर जैन बेरछा ,प्रदेश मीडिया प्रभारी अरुण बुरड़ महिदपुर,अनिल नाहर भानपुरा, महेश भंडारी मोहन बड़ोदिया,राजकुमार नाहर बड़नगर ,प्रदेश प्रवक्ता राकेश नाहर दसई, शेखर नाहर जावरा, प्रशांत जैन हरदा,पवन नाहर थांदला ,प्रदेश पर्यावरण मंत्री संदीप भंडारी महिदपुर रोड ने मध्यप्रदेश में निवासरत सभी सम्माननीय युवक महासंघ के साथियों से निवेदन किया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के राष्ट्र हित में तिरंगा यात्रा झंडावंदन स्वदेशी अपनाओ विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार वोकल फोर लोकल शपथ कार्यक्रम में मध्यप्रदेश की सभी शाखाओं में कार्यकर्म आयोजित कर देश हित में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करे।

# "स्वतंत्रता दिवस पर न्यायालय परिसर में होगा ध्वजारोहण, भारतीय परिवार का होगा सम्मान"

**रणजीत टाइम्स**



नागदा । स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर न्यायालय परिसर नागदा में जिला और अपर सत्र न्यायाधीश विवेक शुक्ला के कर कमलों से ध्वजारोहण होगा। इस अवसर पर जिला और अपर सत्र न्यायाधीश चंद्रसेन मुवेल,व्यवहार न्यायाधीशगण मनीष पांडे,सौम्या विजयवर्गीय, सोनम शर्मा,अनुविभागीय अधिकारी(SDM) श्रीमती रंजना पाटीदार, तहसीलदार मुकेश सोनी,अभिभाषक संघ नागदा अध्यक्ष- विजय वर्मा, उपाध्यक्ष-गोपालसिंह देवड़ा,सचिव-प्रवीण जटिया, सहससहिव-विष्णुलाल चौहान, कोषाध्यक्ष-जयेश जोशी,पुस्तकालय सचिव-कान्ता सरोज के साथ ही संघ सदस्यगण,न्यायिक कर्मचारीगण,पुलिस विभाग के कर्मी उपस्तिथ रहेंगे,ध्वजारोहण के पूर्व पुलिस बल द्वारा तिरंगे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जावेगा,ध्वजारोहण के उपरांत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक भैरव भारतीय के ज्येष्ठ पुत्र उच्च न्यायालय इंदौर के आजीवन सदस्य तथा नागदा-खाचरोद अभिभाषक संघ के सदस्य स्वर्गीय बाबुलालजी भारतीय एडवोकेट के स्मृति में उनके जीवन काल मे एकत्र की गई विधि पुस्तको को उनकी धर्मपत्नी कोकिला भारतीय एडवोकेट तथा उनके पुत्र दिनेश भारतीय एडवोकेट के द्वारा संघ अध्यक्ष विजय वर्मा की प्रेरणा से विधि पुस्तको(लायब्रेरी)तथा पुस्तको को सुरक्षित रखने के लिए दो लोहे की अलमारियां अभिभाषक संघ नागदा को प्रदान की जावेगी,इस पर अभिभाषक संघ नागदा एवं न्यायाधीशगण द्वारा श्रीमती कोकिला भारतीय एडवोकेट तथा दिनेश भारतीय एडवोकेट का न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण के उपरांत सादगी पूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर दोनो का शॉल, श्रीफल,पुष्पमाला से स्वागत-सम्मान किया जावेगा,जानकारी जैना श्रीमाल एडवोकेट ने दी।

समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।



चेयरमैन (अध्यक्ष) विजिलेंट कंज्यूमर बोर्ड मध्यप्रदेश किशोर चौधरी जी की ओर से यह संदेश आपके लिए है। आइए, हम सब मिलकर स्वतंत्रता के महत्व को समझें और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लें।
स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं! जय हिंद!
आजादी का अमृत महोत्सव

समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।





देशभक्ति की अलख जगाओ, आजादी का पर्व मनाओ,
हर दिल में तिरंगा लहराओ – जय हिंद, जय भारत
सौजन्य से – सरपंच श्री मति पेपुबाई
जितेंद्र लोबानीया ग्राम पंचायत राम पिपलिया



दिलीप पटेल जिला पंचायत सदस्य



मधु वर्मा जी - विधायक





नारायण जी चौहान
सरपंच



अर्जुन भीम सिंह जी राठौड़
उप. सरपंच



मुकेश जी यादव
जनपद सदस्य



राष्ट्रीय महापर्व स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
सौजन्य से- ग्राम पंचायत सिंहासा

## सुंदरता नहीं, समझदारी है वैवाहिक जीवन की कुंजीः बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री का रिश्तों पर बड़ा संदेश

छतरपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने पति-पत्नी के रिश्तों पर एक ऐसा संदेश दिया है, जो आज की पीढ़ी के लिए सोचने का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर जारी अपने एक वीडियो में उन्होंने कहा कि आधुनिक समय में वैवाहिक रिश्ते पहले की तुलना में काफी कमजोर हो गए हैं और इसकी वजह लोगों का प्राथमिकताओं में बदलाव है। शास्त्री ने चिंता जताते हुए कहा कि अखबारों और न्यूज चैनलों में आए दिन टूटते रिश्तों की खबरें यह साबित करती हैं कि सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें और मंडप में लिए गए सात वचन अब अपनी मजबूती खोते जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज लोग जीवनसाथी चुनते समय सुंदरता को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि समझदारी को नजरअंदाज कर रहे हैं, और यही रिश्तों के टूटने का बड़ा कारण है। उन्होंने सलाह दी, "जीवनसाथी सुंदर हो या न हो, अगर वह समझदार है तो आपका जीवन सफर लंबा और सुखमय होगा। लेकिन अगर केवल सुंदरता पर ध्यान देंगे और समझदारी को नजरअंदाज करेंगे तो रिश्ता अल्पकालिक हो सकता है।" शास्त्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि लंबी रेस का घोड़ा बनने के लिए केवल आकर्षक चेहरा नहीं, बल्कि गहरी समझ और संतुलन की क्षमता जरूरी है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री के ये विचार सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं और लोग इस संदेश पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कई लोग इसे वैवाहिक जीवन में स्थिरता और खुशहाली का व्यावहारिक मंत्र मान रहे हैं, तो कुछ इसे रिश्तों में प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार का आह्वान बता रहे हैं।


## पार्वती नदी में बह गए मां-बेटे, बच्चे को बचाने के लिए मां ने लगाई छलांग, तेज बहाव में दोनों लापता

गुना। जिले में मंगलवार को एक मार्मिक और हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां मां अपने बेटे को बचाने के प्रयास में खुद भी पार्वती नदी के तेज बहाव में बह गई। घटना चाचौड़ा तहसील के रामपुरा गांव की है, जहां पार्वती नदी पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद उफान पर है और उसका तेज बहाव लोगों के लिए खतरा बन गया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को एक महिला अपने छोटे बेटे के साथ नदी किनारे कपड़े धोने पहुंची थी। इसी दौरान मासूम बच्चा खेलते-खेलते नदी के तेज बहाव में जा गिरा और बहने लगा।


परदशी हा.पी.6264702712
सभी नगरवासियों को 15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
एवं
जन्माअष्टमी
की हार्दिक हार्दिक
शुभकामनाएँ
श्रीमती चंद्रकांता अरुण राठौर
नगर परिषद अध्यक्ष
नरवेसिंह तलाया
नगर परिषद उपाध्यक्ष
श्रीमती प्रमिला ठाकुर
नगर परिषद हा.पी.C.M.O.
संगीता तंवर पार्षद
राजेश तंवर पार्षद प्रतिनिधी
मदन बुंदेला पार्षद
रानो बी मंसुरी पार्षद
हारून मंसुरी पार्षद प्रतिनिधी
महेन्द्र यादव पार्षद
विनोद जोशी पार्षद
सोनू तंवर पार्षद
बंशी तंवर पार्षद प्रतिनिधी
दीपक फूलचंद ओसरिया पार्षद
दिपाली जाट पार्षद
भुजराम जाट पार्षद प्रतिनिधी
पिंकी राजावत पार्षद
अजीत राजावत पार्षद प्रतिनिधी
पिन्टू जमोड़िया पार्षद
राहुल तंवर पार्षद
राजकिशोर जायसवाल पार्षद प्रतिनिधी
किरण जायसवाल पार्षद
ज्योति मालवीय पार्षद
संदीप मालवीय पार्षद प्रतिनिधी
जय श्री
नर्मदा नायक
सौ.से- नगर परिषद हाटपीपल्या,जिला-देवास म.प्र.


आज़ादी
इनकम प्लान
फार्महाउस वाला लाया आपके लिए
शानदार ऑफर!
FARM HOUSE WALA
Small budget Big size
Regular
Rental Income
₹10,000 से ₹1,00,000 हर माह
आज़ादी भी... आमदनी भी!
Plot Ownership + Guaranteed Rental Income + Registry + Immediate Possession
Call us now to book your site visit! +91 91096-39404


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
"देशभक्ति केवल एक दिन का जोश नहीं,
यह हर दिन का संकल्प है।आओ, हम सब
मिलकर अपने देश की एकता, अखंडता
और समृद्धि के लिए कार्य करें। शहीदों के
बलिदान को नमन, और स्वतंत्र भारत के
उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ
शिवाय एक्टर की ओर से आप सभी को
78वें स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं!







## 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैशकांड में बड़ा अपडेट: 'धनकुबेर' सौरभ शर्मा के सहयोगी चेतन गौर को हाईकोर्ट से अस्थायी जमानत

जबलपुर। मध्य प्रदेश में चर्चित 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपये कैशकांड मामले में एक अहम मोड़ आया है। करोड़पति पूर्व आरटीओ कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के करीबी सहयोगी चेतन गौर को हाईकोर्ट ने अस्थायी जमानत दे दी है। चेतन ने हाल ही में जुड़वा बच्चों के जन्म के बाद पत्नी और बच्चों की देखभाल का हवाला देते हुए जमानत याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर मंजूर कर लिया। याचिका में चेतन गौर की ओर से कहा गया था कि उसके अलावा परिवार में बच्चों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। अदालत ने इस दलील को स्वीकार करते हुए सशर्त अस्थायी जमानत प्रदान की। इस मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जमानत केवल पारिवारिक देखभाल के उद्देश्य से दी जा रही है। गौरतलब है कि प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी ने चेतन गौर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। यह वही शख्स है जिसकी गाड़ी से पुलिस ने 52 किलो सोना और 10 करोड़ रुपये नकद बरामद किए थे। सौरभ शर्मा की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर 28 जनवरी को अरेरा कॉलोनी से चेतन को हिरासत में लिया गया था

## पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इन्दौर में हर घर तिरंगा – हर घर स्वच्छता" अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन"



इन्दौर। हमारे देश की आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर देश की आन – बान – शान राष्ट्रध्वज तिरंगे की पूरे गौरव व सम्मान के साथ देशभर में हर घर पर फहराया जाए, और स्वतंत्रता का ये महापर्व स्वच्छता का भी पर्व बनें इसी को ध्यान में रखते हुए बुधवार को पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इन्दौर में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रचना भदौरिया ने हरी झंडी देकर रवाना किया। रैली पीटीसी परिसर के नालंदा भवन से प्रारंभ होकर परिसर स्थित 72 क्वार्टर एवं सम्पूर्ण पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इन्दौर परिसर होते हुए पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, इन्दौर के परेड ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुई। उप पुलिस अधीक्षक शैलजा पटवा द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षु नवआरक्षकों को तिरंगा यात्रा तथा देश भक्ति एवं जनसेवा का महत्व बताया गया। रैली में उप पुलिस अधीक्षक शैलजा पटवा, उप पुलिस अधीक्षक राममूर्ति शाक्य, ADPO मानसिंह वसुनीया, अशोक यादव, कर्निका दीक्षित, राजेश शुक्ला, यूनिट चिकित्सक नरेन्द्र कुमार शाक्य, निरीक्षक सूरज नागवंशी, निरीक्षक सुरेश मौर्य, अमृता सोलंकी, सलीम खान, महेन्द्र पांडे, टीना शुक्ला, प्रहलाद डिंडोर, मनोज कटारिया, विशाल यादव, कल्पना चौहान, इमरतलाल धुर्वे व पीटीसी स्टॉफ तथा प्रशिक्षु नव आरक्षक शामिल हुए।

# कैबिनेट मंत्री सुश्री भूरिया एवं कलेक्टर नेहा मीणा ने किया सचिव विनोद देवदा को सम्मानित

### जिले में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत झकनावदा प्रथम स्थान पर ही पुरस्कृत

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। झाबुआ जिले की जनपद पंचायत पेटलावद की सर्वाधिक चर्चा में रहने वाली ग्राम पंचायत झकनावदा ने जिले में उत्कृष्ट कार्य कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिस पर ग्राम पंचायत सचिव विनोद कुमार देवदा को मध्यप्रदेश कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया एवं झाबुआ कलेक्टर नेहा मीणा के द्वारा जिला मुख्यालय पर सम्मानित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव विनोद देवदा को 11000 रुपए का चेक एवं प्रशंसी पत्र भेंट किया गया। इस पर ग्राम पंचायत झकनावदा समिति में हर्ष व्याप्त है।

### इसके कार्य के लिए मिला पुरस्कार

सचिव विनोद कुमार देवदा ने बताया कि आज हमारी ग्राम पंचायत झकनावदा को इस हेतु सम्मानित किया गया है। की हमारी पंचायत के द्वारा पंचायत उन्नति सूचकांक पीएआई के जो 9 थीम है। जो सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस के स्थानीयकरण पर आधारित है। इस थीम में मुख्य रूप से गरीबी मुक्त और बेहतर आजीविका वाला गांव, स्वस्थ् गांव, बाल सुलभ गांव, जल सक्षम गांव, स्वच्छ और हरा भरा गांव, गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से न्यायसंगत और सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला मित्र गांव जैसे उत्कृष्ट कार्य शामिल है।

### मंडल को सभी पंचायतों को करना चाहिए उत्कृष्ट कार्य

मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राठौड़ ने कहा कि आज मेरे मंडल की ग्राम पंचायत झकनावदा को जो जिले में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया है यह निश्चित ही मेरे मंडल एवं नगर के लिए गौरव का विषय है। में यही कहना चाहूंगा कि मेरे मंडल की समस्त पंचायत इस प्रकार उत्कृष्ट कार्य करे। एवं माननीय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्रजी मोदी द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचावे एवं प्रत्येक नागरिक को सरकार की योजना का लाभ सीधा मिले। वही मंडल अध्यक्ष ने सचिव विनोद देवदा को मिठाई खिला कर शुभकामनाएं दी।

### ग्राम पंचायत झकनावदा ने जिले में बढ़ाया मान

समाजसेवी श्रेणिक कोठारी ने कहां की आज जो ग्राम पंचायत झकनावदा ने उत्कृष्ट कार्य कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जो नगर का मान बढ़ाया है वह निश्चित ही सराहनीय एवं तारीफे काबिल है। मेरी और से ग्राम पंचायत झकनावदा के सरपंच रामीबाई मेड़ा, उपसरपंच मंजू राठौड़, सचिव विनोद कुमार देवदा, सहायक गिरधारी भायल एवं पूरी टीम को बधाई, शुभकामनाएं।

# इंदौर जिले के कई-गांवों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, के पुतले फूंके गए

## किसानों मजदूरों ने संभागायुक्त कार्यालय पर किया प्रदर्शन, ट्रंप के पोस्टर की होली जलाई




**रणजीत टाइम्स**

इंदौर। संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान संगठनों और केंद्रीय श्रम संगठनों की अभियान समिति के आव्हान पर आज इंदौर के कई गांव में डोनाल्ड ट्रंप के पुतले जलाए गए साथ ही किसान संगठनों और श्रम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने गांधी हाल से जुलूस निकाला तथा संभाग कार्यालय पहुंचकर ट्रंप के पोस्टर की होली जलाई बाद में आयुक्त के माध्यम से दो अलग-अलग ज्ञापन सौंपे गए ।

प्रदर्शन का नेतृत्व रामस्वरूप मंत्री, अरुण चौहान, रुद्रपाल यादव, बबलू जाधव और प्रमोद नामदेव ने किया। प्रदर्शन कारियों ने नारे लगाते हुए' "बहुराष्ट्रीय कंपनियों भारत छोड़ो, कार्पोरेट कृषि छोड़ो" श्रम संहिता वापस लो, अमेरिका से व्यापार समझौता नहीं चलेगा आदि नारे लगाए । दिए गए ज्ञापन में अमरीका द्वारा भारत पर 50% टैरिफ लगाए जाने को अमेरीका की भारत के खिलाफ आर्थिक नाकेबंदी पर आक्रोश व्यक्त करते हुए भारत सरकार से 146 करोड़ भारतीयों की खाद्य सुरक्षा और किसानी बचाने के लिए अमरीका के किसी भी दबाव में न आने की मांग की। केंद्रीय कृषि मंत्री को भेजे गए ज्ञापन में मांग की गई है की इंदौर की तीनों कृषि उपज मंडियों चोइथराम मंडी, लक्ष्मी नगर मंडी और छावनी मंडी में अव्यवस्थाओं के चलते किसानों हम्मालो और व्यापारियों को आए दिन होने वाली परेशानी से छुटकारा दिलाया जाए।

.इंदौर जिले में आउटर रिंग रोड, अहिल्या पथ योजना सहित जितनी भी योजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है उस पर तत्काल रोक लगाई जाए और किसानों की सहमति के बगैर भूमि अधिग्रहण नहीं किया जाए । वर्ष 2019 से 186 किसानों का बकाया 2 करोड़ 74 लाख रुपए मंडी निधि से भुगतान किया जाएं 2017 का फसल बीमा इंदौर जिले के 628 किसानों का अब तक बकाया है बकाया फसल बीमा किसानों को तत्काल दिया जाए दोषी जिम्मेदार अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए ।चोइथराम मंडी में गेट नंबर 2 और गेट नंबर 3 के सामने अवैध पार्किंग लगाई जा रही हैं जिसे रोका जाए ।चोइथराम मंडी में पार्किंग के नाम पर गुंडे बदमाशों द्वारा अवैध वसूली की जाती है जिस पर रोक लगाई जाकर बदमाशों पर कार्रवाई की जाए।.मंडी के चुनाव जल्द कराया जाए ।इंदौर जिले की हाईटेक मंडी इंदौर में किसानों को भोजन कैंटीन की सुविधा नहीं मिल रही है लक्ष्मी नगर अनाज मंडी में मौजूद अवेध झोपड़पट्टियों को हटाया जाए ।तीनों प्रमुख मंडियों में आरओ वाटर कूलर कई दिनों से बंद पड़े हैं पानी के गुणवत्ता स्थर की जांच की जाए आरो वाटर कूलर की टंकी की सफाई कराई जाए । लक्ष्मी नगर अनाज मंडी व छावनी अनाज मंडी में 10 टन के दो बड़े इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे लगवाए जाएं रबी सीजन में बड़े इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे पर उपज की तुलाई की व्यवस्था की जाए ।लक्ष्मी नगर अनाज मंडी में एक ही दुकान पर 10 फर्मो की बिल बनाए जाते हैं जिससे भीड लगती है ऐसा कई दुकानदार करते हैं जिससे किसानों को घंटों परेशान होना पड़ता है ।

प्रदर्शन में संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े संगठनों अखिल भारतीय किसान सभा, किसान संघर्ष समिति, किसान सभा अजय भवन, अखिल भारतीय किसान मजदूर संगठन ,भारतीय किसान मजदूर सेना, एटक, सीटू, एसएमएस आदि के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पूरे जिले के तहसील मुख्यालयों और कई गांवों में अमेरिकी पूंजीवाद के प्रतीक तथा भारतीय कृषि व्यापार को कब्जाने की कोशिश में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के पुतले जलाए गए । मुख्य रूप से बालैदा टाकुन नैनोद, गांधी नगर, देपालपुर सांवेर तहसील, सिमरोल बिजलपुर सहित दो दर्जन गांवों में पुतलों का दहन किया गया।

प्रदर्शन कारियों को संबोधित करते हुए विभिन्न नेताओं ने कहा कि आज देशभर में ट्रंप और कॉर्पोरेट घरानों का खेती पर कब्जा किए जाने के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है वक्ताओं ने कहा कि मोदी सरकार ने देश को अडानी -अंबानी की कंपनी की लूट का चारागाह बना दिया है। पेसा और वनाधिकार अधिनियम और सभी संवैधानिक प्रावधानों का खुला उल्लंघन करते हुए जल, जंगल, जमीन और पर्यावरण का विनाश किया जा रहा है। श्रमिकों की अधिकारों पर श्रम संहिता बनाकर हमला किया जा रहा है। इसलिए किसान,किसानी और गांव बचाने के लिए अडानी-अंबानी और अन्य कॉर्पोरेट कंपनियों को भगाने की जरूरत है। प्रदर्शन में रामस्वरूप मंत्री,अरुण चौहान , रुद्रपाल यादव, सीएल सर्रावत,प्रमोद नामदेव ,भागीरथ कछवाय, सोहनलाल शिंदे,महेश गोहर,सोनू शर्मा, सत्यनारायण वर्मा, रमेश झाला, बबलू जाधव, चंदन सिंह बड़वाया, शैलेंद्र पटेल, अरविंद पोरवाल, मनोज राठौर ,कैलाश लिंबोदिया पप्पू जाधव राहुल निहोरे सुमित सोलंकी सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए।

# हर घर तिरंगा

## हर घर स्वच्छता अभियान के तहत पुलिस के द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान



### जिले के थानों व कार्यालयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान- थाना परिसर व कार्यालय परिसरों में की गयी सफाई

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2025 को वृहद स्तर पर मनाने के लिए प्रत्येक जिला स्तर पर "हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता" अभियान चलने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसमे पुलिस व प्रशासन के द्वारा राष्ट्रध्वज तिरंगे को पूरे गौरव व सम्मान के साथ देश भर में हर घर पर फहराया जाने व स्वच्छता के महत्व के बारे में आम जन को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के पालन में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के द्वारा जिले के समस्त थानों पर भी विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अभियान में सहभागी बनने के लिए निर्देशित किया गया था । जिसके परिपालन में जिले के पुलिस थानों, पुलिस चौकियो व कार्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।स्वच्छता अभियान में पुलिस थानों एवं चौकियों में सफाई कार्य किया गया, जिसमें थाना परिसर, कार्यालय कक्ष, हवालात, रिकॉर्ड रूम, शस्त्रागार एवं शौचालयों की साफ-सफाई की गई । इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश भी दिया ।

अभियान के तहत पुलिस के द्वारा जन जागरूकता हेतु निकाली गयी तिरंगा रैली

पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के द्वारा जिले के समस्त थानों पर भी विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अभियान में सहभागी बनने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में बुधवार को खरगोन शहर में भव्य बाइक रैली निकली गयी जो पुलिस लाइन खरगोन से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गो से गुजरी, पुलिस लाइन खरगोन में पुलिसकर्मी व उनके परिवार जानो को राष्ट्रध्वज तिरंगा वितरित किया गया, महेश्वर में नर्मदा नदी घाट पर तिरंगा रैली निकली गयी, बडवाह में पुलिसकर्मियों सीआईएसएफ के जवानों व नागरिको ने तिरंगे के साथ पैदल मार्च व बाइक रैली निकली गयी, सनावद, मैनगाँव, बलकवाडा में तिरंगा बाइक रैली निकली गयी, बरुड व भगवानपुरा कस्बे में विद्यार्थियों के द्वारा तिरंगा पैदल रैली निकली गयी साथ ही जिले के अन्य थानों पर भी "हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता" अभियान के तहत पुलिस के द्वारा छात्रों एवं आम जन की भागीदारी से अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आम लोगो को तिरंगा वितरित कर लोगों से आह्वान किया कि हमारे इस राष्ट्रीय पर्व पर इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपने राष्ट्र का गौरव तिरंगा घर पर जरूर फहराएं ।




# SHREE ACADEMY

An Ideal School for the Future of India...

"न्यूनतम शुल्क में श्रेष्ठ परिणाम के साथ अधिकतम सुविधाएं"

संस्कार, अनुशासन, शिष्टाचार के साथ NEP के तहत भविष्य की शिक्षा

आपके लाड़लों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए अनुशासन, शिष्टाचार, संस्कृति के साथ सर्वांगीण विकास, चरित्र निर्माण, उचित मार्गदर्शन, शारीरिक एवं मानसिक विकास, नैतिक शिक्षा एवं व्यक्तित्व निखार के लिए नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण के लिए.......एक आदर्श विद्यालय

## ADMISSIONS OPEN

**NURSERY to 12th**
MATHS, BIO, ARTS (Humanities) COMM.(IP/Math/Eco.)

ABACUS & VAIDIK MATH | ENGLISH MEDIUM | SMART CLASSES | SCIENCE ACTIVITIES | ROBOTICS, AI, IOT LAB

ASSOCIATED WITH SRI CHAITNYA INFINITY LEARN FOR IIT JEE AND NEET CLASSES

Associated with Extra Marks for Smart Classes, Learningbix for Robotics, School Diary for Online Customised App for Parents and Children.

**25000₹ प्रति छात्र** — मेधावी विद्यार्थी लैपटॉप छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

**TOPPER 12th**: SAHAJ JAISWAL 92%, MAYURI YADAV 89.8%, SNEHA VERMA 83.4%, DIVYANSHI CHAWRE 81.6%, SAKSHI PATIDAR 80.8%, SHOURYA PRATAP SINGH 77.8%, TEENA SULE 76.6%, SAKSHI BANARSI 76%, LAKSHYA BODH 75.6%

**TOPPER 10th**: RICHA VERMA 93.2%, SHREE PATIDAR 93%, NANDANI PATEL 91.8%, HIMESH SHARMA 91.4%, NIDHI DABLE 90.6%, LUCKY ATAVDIYA 88.4%, NIKHIL JADHAV 88%, RAGHAV GORE 87%, SAMRIDDHI PATIDAR 84.2%

**TOPPER 8th**: DIVYANSHI SULE 90%, GUNJAN PATEL 83.3%, YASHSVI BAROD 82.8%, SUMIT NINAMA 82.1%, BHASKAR BANARSI 81.5%, NANDANI BHAWEL 81.3%, NISHABH MALVIYA 77.6%, PRIYANSHU VERMA 77.5%, MAHAK GHOSHI 75.6%

**TOPPER 5th**: PARTH BHADWYA 90.7%, AKSHADHA KAMBLE 87%, VIDHANSHI SIRSATH 85.7%, PRISHITA PATEL 84%, SAKSHI SHARMA 83.5%, MANVI REDDY 82.2%, KASHWI PATIDAR 82.2%, DRASHTI VERMA 80.7%, KAVYA ANJANA 80.2%


**10000₹ प्रति छात्र** — JUNIOR SCIENTISTS WINNERS OF NATIONAL INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP

Sheela Bhuria INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER; Pratibha Kadam INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER; Ku. SHREE PATIDAR POET,KABADDI PLAYER AND INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER; DARSH PATIDAR INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINEER; VANSHIKA PATIDAR INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER AND NATIONAL LEVEL GUIDE; ANSHIKA SHARMA INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER; CHETAN BHATI INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER; RAJESHWARI SISODIYA INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER; NIYATI DHAMAN INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER; BHARAT PATIDAR INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER; SHUBHIKA KHANAGWAL INSPIRE AWARD SCHOLARSHIP WINNER

ACTIVITY BASED LEARNING | CAREER COUNSELING | QUALIFIED STAFF | CCTV SURVEILLANCE
SCOUT & GUIDE | CHEMISTRY LAB | PHYSICS LAB | BIOLOGY LAB | DIGITAL AI COMPUTER LAB

Website : www.shreeacademymhow.in
E-mail : shreeacademymhow@gmail.com
Contact. : 9826714193, 8319534073
Survey No. 268, New Kodariya - Chouradiya Marg, Kodariya, Mhow

## समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।




दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )